अधिकतम तापमान 42.00° » न्यूनतम तापमान 23.00° » सूर्योदय 05:18 » सूर्यास्त 06:42 » डॉलर 85.317 » यूरो 96.83 »

छोटीबड़ीबात
आज ही के दिन 2014 में भारतीय जनता पार्टी के नेता नरेंद्र मोदी ने भारत के 15वें प्रधानमंत्री के रूप में शपथ ली थी।
dainikbhaskarup.com bhaskardigital.com
क्यूआर कोड स्कैन कर पढ़ें ताजा खबरें

देश का विश्वसनीय अखबार
दैनिक भास्कर
नोएडा। वर्ष-15, अंक-337। सोमवार, 26 मई 2025। कुल पृष्ठ 20। मूल्य 6.00 रुपये
झांसी, नोएडा, लखनऊ और देहरादून से प्रकाशित
वेब संस्करण



# दिल्ली-एनसीआर में अच्छे घर और कनेक्टिविटी का नया ठिकाना बन रहा है धारूहेड़ा

**भास्कर समाचार सेवा**

धारूहेड़ा (रेवाड़ी)। अगर आप दिल्ली-एनसीआर में कम कीमत में घर खरीदने या किराए पर देने के मौके तलाश रहे हैं, तो धारूहेड़ा आपके लिए नई उम्मीद लेकर आया है। दिल्ली–जयपुर हाईवे (NH-48) पर बसा यह इलाका अब सिर्फ इंडस्ट्रियल टाउन नहीं, बल्कि एक उभरता हुआ रियल एस्टेट हॉटस्पॉट बन गया है। यहां की सबसे बड़ी ताकत बन रही है जल्द शुरू होने वाली दिल्ली–अलवर रीजनल रैपिड ट्रांजिट सिस्टम (RRTS), जो अप्रैल 2025 तक शुरू हो सकती है। इसका एक स्टेशन धरूहेड़ा में भी प्रस्तावित है। इससे दिल्ली से यहां की दूरी कुछ ही मिनटों में तय की जा सकेगी। एम2के ग्रुप के वाईस प्रेजिडेंट और हेड ऑफ मार्केटिंग,सेल्स एंड सीआरएम,डॉ. विशेष रावत कहते हैं कि धारूहेड़ा ने दिखा दिया है कि मजबूत इंफ्रास्ट्रक्चर ही असली ग्रोथ का बेस बनता है। RRTS और NH-48 की कनेक्टिविटी ने इसे अब परिधि का हिस्सा नहीं, बल्कि NCR का सेंटर बना दिया



है। यहां किफायती रेट पर शानदार कनेक्टिविटी और इंडस्ट्रियल बेस दोनों मिलते हैं। यह बाजार अब इंतजार करने का नहीं, कदम उठाने का समय है। 360 रियल्टर्स के एमडी अंकित कंसल कहते हैं कि धारूहेड़ा में कनेक्टिविटी, किफायत और ग्रोथ तीनों मौजूद हैं।

पिछले कुछ सालों में दाम दोगुने हो गए, फिर भी यह अब भी गुरुग्राम और मानेसर से कहीं सस्ता है। अब निवेशकों के साथ आम लोग भी यहां बसने की सोच रहे हैं। अगर आप एनसीआर में निवेश की सोच रहे हैं, तो धारूहेड़ा वो जगह हो सकती है जहां कीमतें कम, संभावनाएं ज्यादा और कनेक्टिविटी शानदार है। आने वाले कुछ सालों में यह इलाका दिल्ली-एनसीआर की रियल एस्टेट की तस्वीर बदल सकता है।